# साइबर ठगी का चीन कनेक्शन, 5 गिरफ्तार

## एटीएम से कैश, क्रिप्टोकरंसी यूएसडीटी में कन्वर्ट कर टेलीग्राम से करते थे ट्रांसफर, एक फरार आरोपी की तलाश जारी

- पांच फीसदी कमीशन पर एटीएम से निकालते थे रकम
- पुलिस नेटवर्क के मनी ट्रेल और विदेशी कनेक्शन की जांच

नवभारत न्यूज

**सीहोर 22 अगस्त. साइबर ठगी की रकम को बैंक खातों से निकालकर नकदी में बदलने, फिर उसे क्रिप्टोकरेंसी (यूएसडीटी) में कन्वर्ट कर टेलीग्राम के जरिए चीन तक पहुंचाने वाले नेटवर्क का कोतवाली पुलिस ने खुलासा किया है. पुलिस ने इस मामले में अब तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी फरार है. पूछताछ में ठगी की रकम को अलग-अलग स्तर पर आगे पहुंचाने के बदले कमीशन लिए जाने की बात सामने आई है। पुलिस अब पूरे नेटवर्क के मनी ट्रेल, डिजिटल लेनदेन और विदेशी कनेक्शन की जांच कर रही है.**

मामला थाना कोतवाली में कंचन तोमर पति अजय सिंह तोमर की शिकायत पर दर्ज साइबर फ्रॉड



प्रकरण से जुड़ा है। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले को एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज कर मनी ट्रेल की तकनीकी जांच शुरू की. जांच में सामने आया कि शिकायतकर्ता के खाते से ठगी की रकम 9 और 10 अप्रैल 26 को अलग-अलग एटीएम से निकाली गई थी. तकनीकी विश्लेषण और स्थानीय मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस ने इंदौर के बाणगंगा निवासी गोपाल सेन और परदेशीपुरा निवासी सुमित कोष्ठी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने पुलिस को बताया कि एटीएम से निकाली गई रकम वे आर्यन अम्बेडकर को सौंपते थे. इसके बदले उन्हें रकम का करीब 5 प्रतिशत कमीशन मिलता था.

गोपाल और सुमित से मिली जानकारी तथा साइबर सेल के तकनीकी सहयोग से पुलिस ने बाणगंगा निवासी आर्यन अम्बेडकर और उसके साथी ऋतेश प्रजापत को गिरफ्तार किया. पूछताछ में पुलिस के अनुसार आर्यन ने बताया कि वह साइबर ठगी से प्राप्त रकम से यूएसडीटी यानी क्रिप्टोकरेंसी खरीदता था. इसके बाद टेलीग्राम ग्रुप के माध्यम से यह यूएसडीटी मैटी नामक चीनी नागरिक को भेजा जाता था. इस काम के बदले उसे 10 प्रतिशत कमीशन मिलता था. यानी साइबर ठगी की रकम को सीधे बैंकिंग चैनल से आगे भेजने के बजाय उसे पहले एटीएम से नकद निकालकर, फिर क्रिप्टोकरेंसी में बदलने का तरीका अपनाया जा रहा था. इससे पुलिस के लिए पारंपरिक बैंकिंग मनी ट्रेल के साथ-साथ डिजिटल एसेट ट्रांजेक्शन की जांच भी जरूरी हो गई है.

आर्यन से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने इंदौर के हीरानगर थाना क्षेत्र निवासी अनुराग पटेल को हिरासत में लेकर पूछताछ की. पुलिस के अनुसार अनुराग ने भी साइबर फ्रॉड की रकम से यूएसडीटी खरीदकर टेलीग्राम के माध्यम से चीनी नागरिक मैटी को भेजने की बात स्वीकार की. पूछताछ के दौरान अनुराग ने इस नेटवर्क में शिवेंद्र सिंह राजपूत के शामिल होने की जानकारी भी पुलिस को दी. इसके बाद पुलिस ने शिवेंद्र की तलाश शुरू कर दी है और उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है.

पुलिस के अनुसार मामले में अब तक गोपाल सेन, सुमित कोष्ठी, आर्यन अम्बेडकर, ऋतेश प्रजापत और अनुराग पटेल को गिरफ्तार किया जा चुका है. वहीं शिवेंद्र सिंह राजपूत फरार है। पुलिस उसके साथ ही नेटवर्क से जुड़े अन्य संभावित लोगों की भी जानकारी जुटा रही है. संभावना है कि पुलिस शीघ्र ही रहस्योद्घाटन कर सकती है.

### डेटा से शुरू होता है ठगी का खेल

साइबर ठगी के ऐसे मामलों में लोगों के मोबाइल नंबर और व्यक्तिगत जानकारी तक ठगों की पहुंच भी जांच का महत्वपूर्ण हिस्सा है. जांच एजेंसियों के सामने यह सवाल भी रहता है कि आखिर ठगों तक संभावित पीड़ितों का मोबाइल नंबर और अन्य डेटा पहुंचता कहां से है. सीहोर में पूर्व में भी एक मामले में ब्लड डोनेशन डायरेक्ट्री में दर्ज मोबाइल नंबरों के इस्तेमाल से ठगी की बात सामने आ चुकी है. ऐसे मामलों को देखते हुए डेटा की अवैध बिक्री और उसके इस्तेमाल की भी जांच जरूरी हो जाती है। हालांकि इस प्रकरण में किसी विशेष डेटा कंपनी की भूमिका की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट होगी. साइबर ठगी के निवेश आधारित मामलों में आमतौर पर ठग पहले लोगों को छोटे निवेश का लालच देते हैं. शुरुआत में उन्हें मुनाफा दिखाकर भरोसा कायम किया जाता है. इसके बाद पीड़ित को बड़े निवेश के लिए तैयार किया जाता है. जब व्यक्ति अधिक रकम निवेश कर देता है, तब निकासी के नाम पर अलग-अलग शुल्क और टैक्स की मांग शुरू हो जाती है और अंततः रकम ठग ली जाती है.

### पुलिस के लिए नया चुनौतीपूर्ण ट्रैक

बैंक खाते में आने वाली ठगी की रकम पर पुलिस और बैंकिंग सिस्टम की नजर होने के कारण साइबर अपराधी लगातार रकम को आगे पहुंचाने के नए तरीके अपना रहे हैं। इस मामले में एटीएम से नकदी निकालना और फिर यूएसडीटी के जरिए रकम को विदेश तक पहुंचाना पुलिस के लिए जांच की एक नई और महत्वपूर्ण कड़ी बनकर सामने आया है. अब पुलिस टेलीग्राम ग्रुप, यूएसडीटी ट्रांजेक्शन, डिजिटल वॉलेट, मनी ट्रेल और विदेशी कनेक्शन की तकनीकी जांच कर रही है. माना जा रहा है कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ और डिजिटल साक्ष्यों के विश्लेषण के बाद नेटवर्क से जुड़े और लोगों के नाम सामने आ सकते हैं.

# रिटायरमेंट के तीन साल बाद पूर्व एसडीओपी गिरफ्तार

- भोपाल से हुई गिरफ्तारी, शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म का आरोप

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 22 अगस्त. पांढुर्णा जिले के सौंसर में एसडीओपी रहे सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी केके वर्मा को पुलिस ने दुष्कर्म के आरोप में भोपाल से गिरफ्तार किया है. खास बात यह है कि जिस थाने के क्षेत्र में अधिकारी कभी एसडीओपी के पद पर तैनात रहे, उसी क्षेत्र में उनके खिलाफ मामला दर्ज हुआ है. यह कार्रवाई सेवानिवृत्ति के करीब तीन साल बाद हुई है.**

पुलिस के अनुसार, 31 वर्षीय महिला ने आरोप लगाया है कि वर्ष 2017 में उसकी पहचान केके वर्मा से हुई थी. उस समय वर्मा सौंसर में एसडीओपी थे और महिला के परिवार से जुड़े मारपीट के एक मामले की जांच कर रहे थे. इसी दौरान दोनों के बीच संपर्क हुआ. महिला का आरोप है कि सौंसर में पदस्थापना के दौरान उसे सरकारी आवास पर बुलाया गया, जहां संबंध बनाए गए. बाद



में अधिकारी के सिवनी और भोपाल तबादले के बावजूद संपर्क और संबंध जारी रहे. महिला का दावा है कि अधिकारी ने उसे भरोसा दिलाया था कि सेवानिवृत्ति के बाद उससे शादी करेंगे. वर्ष 2023 में सेवानिवृत्ति के बाद जब महिला ने शादी के लिए दबाव बनाया तो कथित तौर पर अधिकारी ने शादी से इनकार कर दिया. इसके बाद महिला ने 20 अगस्त को पुलिस से शिकायत की. शिकायत के आधार पर पुलिस ने केके वर्मा के खिलाफ दुष्कर्म सहित संबंधित धाराओं और अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया. पुलिस मामले में महिला के आरोपों, दोनों के बीच संपर्क और अन्य साक्ष्यों की जांच कर रही है.

## गड्ढों को चूने से घेरकर बताया 'मौत का गड्ढा',

**विदिशा,** शहर की बदहाल सड़कों और जगह-जगह बने गड्ढों के विरोध में किसान कांग्रेस ने शनिवार को नगरपालिका एवं प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया. किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनीत दांगी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बाल विहार के सामने सड़क के गड्ढों को चूने से घेरकर उन्हें 'मौत का गड्ढा' बताया. प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से वाहन चालकों को उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे हादसों का खतरा बढ़ जाता है. विनीत दांगी ने कहा कि शहर के चौराहों से लेकर गलियों तक सड़कें जर्जर हैं और यह सीधे आमजन की सुरक्षा से जुड़ा मामला है. उन्होंने सड़क के गड्ढे के कारण बच्ची की मौत और हाल में कॉलोनी में लोडिंग ऑटो पलटने की घटना का हवाला देते हुए तत्काल सड़कों की मरम्मत की मांग की. दांगी ने चेतावनी दी कि जल्द गड्ढे नहीं भरे गए तो किसान कांग्रेस आंदोलन करेगी.

# मंदिर में हुई चोरी का खुलासा, आरोपी अभिरक्षा में, तांबे के नाग देवता बरामद

**तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई**

नवभारत न्यूज

**विदिशा 22 अगस्त, थाना कोतवाली पुलिस ने मनोकामना पूर्ण हनुमान मंदिर, बालक दास की तलैया में हुई चोरी का खुलासा करते हुए एक आरोपी को अभिरक्षा में लिया है. पुलिस ने उसके कब्जे से मंदिर से चोरी किए गए तांबे के नाग देवता बरामद किए हैं.**

पुलिस के अनुसार फरियादी राम शर्मा पिता ललित कुमार शर्मा, उम्र 26 वर्ष, निवासी लालपुरा नंदवाना, विदिशा की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 525/2026,



धारा 304(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई थी. पुलिस अधीक्षक विदिशा रोहित काशवानी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी एवं नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी आनंद राज के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मामले की जांच शुरू की. विवेचना के दौरान तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी की पहचान की गई. पुलिस ने संजू उर्फ संजय यादव पिता रूप सिंह यादव, उम्र 34 वर्ष, निवासी 89, विजय मंदिर के पास, विदिशा को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की. पूछताछ के दौरान उसके कब्जे से चोरी किए गए तांबे के नाग देवता बरामद किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 2 हजार रुपए है. कार्रवाई में प्रधान आरक्षक अरुण चौकसे, आरक्षक जयदेव लोधी, अनिदेश सेंगर एवं शिशुपाल सिंह दांगी की महत्वपूर्ण भूमिका रही. पुलिस की त्वरित कार्रवाई से मंदिर चोरी के मामले का खुलासा हुआ और चोरी की सामग्री बरामद की गई.

# टेकापार में बिजली, पानी और सड़क के लिए चक्काजाम

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज / सुल्तानगंज, 22 अगस्त. टेकापार खुर्द गांव में सड़क, बिजली और पानी की समस्याओं से परेशान ग्रामीणों का मंगलवार शाम सब्र टूट गया. स्कूली बच्चों को साथ लेकर ग्रामीण कीचड़ से भरी सड़क पर धरने पर बैठ गए और चक्का जाम कर दिया.**

ग्रामीणों ने जिम्मेदारों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. सूचना मिलते ही तहसीलदार, जनपद सीईओ और पुलिस मौके पर पहुंची. अधिकारियों की समझाइश और समाधान के आश्वासन के बाद जाम खुला. हालांकि ग्रामीणों ने सात दिन में समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है. टेकापार खुर्द गांव की हैं जहां सड़क की बदहाली ने ग्रामीणों के गुस्से को आंदोलन में बदल दिया.



कीचड़ से लथपथ सड़क पर स्कूली बच्चे और ग्रामीण धरने पर बैठे नजर आए. ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण के नाम पर पुरानी सड़क खोद दी गई, लेकिन करीब दो साल बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ. बारिश के दिनों में हालात और भी बदतर हो गए हैं.

दरअसल, स्टेट हाईवे-15 पर टपरा से टेकापार खुर्द होते हुए पड़रिया राजाधार तक सड़क निर्माण का काम शुरू किया गया था. पुरानी पक्की सड़क को खोदकर नई सड़क बनाने की शुरुआत हुई, लेकिन कई हिस्सों में गिट्टी डालकर काम छोड़ दिया गया, तो कुछ जगह कच्ची मुरम डालकर सड़क अधूरी छोड़ दी गई. अब बारिश के बाद यही रास्ता कीचड़ और गड्ढों में तब्दील हो गया है. ग्रामीणों का कहना है कि दर्जनों गांवों के लोगों की आवाजाही इसी रास्ते से होती है और उन्हें रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

सड़क के साथ गांव में पानी और बिजली की समस्या ने भी ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं. ग्रामीणों के मुताबिक टेकापार खुर्द की नल-जल योजना बंद पड़ी है, जिससे लोगों को पीने के पानी के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है. वहीं बिजली के खंभे और तारों की व्यवस्था पूरी नहीं होने से कई स्थानों पर ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. शिकायतों के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं होने पर मंगलवार शाम ग्रामीण सड़क पर उतर आए. स्कूली बच्चों के साथ कीचड़ भरी सड़क पर बैठकर चक्का जाम कर दिया गया.

देखते ही देखते सड़क पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो गई. ग्रामीणों का कहना था कि जब तक उनकी समस्याओं पर जिम्मेदार अधिकारी मौके पर आकर जवाब नहीं देंगे, तब तक आंदोलन जारी रहेगा.

# जमानी में याद किए गए परसाई

**इटारसी, 22 अगस्त . सुप्रसिद्ध व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई की जन्मभूमि जमानी में उनके जन्मदिवस पर ग्रामवासियों ने उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया. इस अवसर पर परसाई स्मारक पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके साहित्य और व्यंग्य परंपरा को स्मरण किया गया.**

हर वर्ष परसाई के जन्मदिवस पर जमानी में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाता है. इस वर्ष अपरिहार्य कारणों से यह आयोजन 2 अक्टूबर को होगा. कार्यक्रम में प्रतिवर्ष परसाई की साहित्यिक परंपरा को आगे



बढ़ाने वाले किसी विशिष्ट साहित्यकार या कलाकार को 'परसाई सम्मान' से सम्मानित किया जाता है. इस वर्ष यह सम्मान सुप्रसिद्ध चित्रकार अवधेश वाजपेयी को प्रदान किया जाएगा.

कार्यक्रम में विख्यात आलोचक एवं कवि डॉ. विजय बहादुर सिंह मुख्य वक्ता होंगे. जबलपुर के विवेचना रंगमंडल के कलाकार प्रगति विवेक पांडे के निर्देशन में परसाई की रचनाओं पर आधारित व्यंग्य नाट्य की प्रस्तुति देंगे. आयोजन ग्राम पंचायत और हरिशंकर परसाई समिति जमानी के संयुक्त तत्वावधान में होगा. इसमें गांव की सामाजिक संस्थाओं का भी सहयोग रहेगा.

## घायल और असहाय व्यक्ति को पुलिस ने उपचार के बाद अपना घर आश्रम में कराया दाखिला

नवभारत न्यूज

**विदिशा. शमशाबाद पुलिस ने सड़क किनारे घायल और असहाय अवस्था में मिले मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति को उपचार से लेकर पुनर्वास तक पहुंचाकर मानवीय संवेदना की मिसाल पेश की. 20 अगस्त 2026 की रात करीब 8.58 बजे डायल-112 पर ग्राम सांगुल रोड किनारे एक व्यक्ति के घायल अवस्था में पड़े होने की सूचना मिली थी.**

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी शमशाबाद निरीक्षक आशुतोष सिंह राजपूत के निर्देशन में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और व्यक्ति को सुरक्षित रेस्क्यू कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद में भर्ती कराया. व्यक्ति अपना नाम-पता बताने में असमर्थ था. उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए उसे मेडिकल कॉलेज, जिला विदिशा रेफर किया गया, जहां उसका उपचार कराया गया. उपचार के बाद भी उसकी देखभाल और पुनर्वास की आवश्यकता को देखते हुए पुलिस ने उसे अपना घर आश्रम, विदिशा में दाखिल कराया. आश्रम में उसे आवास, भोजन और वस्त्र के साथ चिकित्सा, काउंसलिंग एवं नियमित देखभाल उपलब्ध कराई जा रही है. इस कार्रवाई से पुलिस ने संदेश दिया कि उसकी जिम्मेदारी केवल कानून-व्यवस्था तक नहीं, बल्कि असहाय लोगों की मदद करना भी है.

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने की मुलाकात

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा.** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी से कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता जगदीश सुहाने के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुलाकात की. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने दतिया चुनाव में पार्टी की जीत पर पटवारी को बधाई दी. मुलाकात के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा की जा रही विभिन्न नियुक्तियों को लेकर भी चर्चा हुई. संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपने से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया गया. इस अवसर पर वरिष्ठ नेता जगदीश सुहाने ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया.



**25 को कांवड़ यात्रा** | **कलेक्टर ने बैठक लेकर कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं की समीक्षा की, कुबेरेश्वर धाम का किया निरीक्षण**

# आज से हाइवे पर भारी वाहनों के आवागमन पर रहेगी रोक

नवभारत न्यूज

**सीहोर 22 अगस्त. आगामी 25 अगस्त को आयोजित होने वाली कांवड़ यात्रा के सुचारु, सुरक्षित एवं व्यवस्थित संचालन को लेकर कलेक्टर बालागुरू के. ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की.**

बैठक में कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा, यातायात, भीड़ नियंत्रण, स्वच्छता, पेयजल, चिकित्सा, बिजली व्यवस्था, मार्ग व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए.

कांवड़ यात्रा को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न मार्गों का डायवर्सन प्लान जारी किया गया है. यह डायवर्सन 23 अगस्त प्रातः 06 बजे से 25 अगस्त को रात 12 बजे तक लागू रहेगा. जिला प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि असुविधा से बचने के लिए परिवर्तित मार्ग का प्रयोग करें. इसी तरह भोपाल की ओर से



आने वाले भारी वाहन थाना-परवलिया अंतर्गत मुबारकपुर जोड़ एवं थाना खजूरी अंतर्गत तुमड़ा जोड़ से डायवर्ट होकर श्यामपुर, कुरावर, ब्यावरा और शाजापुर-मक्सी से होकर देवास इंदौर जाएंगे. इसी प्रकार देवास इंदौर से आने वाले भारी वाहन देवास से डायवर्ट होकर मक्सी-शाजापुर, ब्यावर, कुरावर और श्यामपुर होते हुए भोपाल जाएंगे. कन्नौज खातेगांव की ओर से आने वाले भारी वाहन आष्टा, शुजालपुर पचोर होते हुए ब्यावरा जा सकेंगे. होशंगाबाद, रेहटी भैरूंदा से इंदौर की ओर जाने वाले भारी वाहन थाना गोपालपुर-कन्नौद-आष्टा होते हुए इंदौर जा सकेंगे. भोपाल से आष्टा-देवास-उज्जैन-इंदौर जाने वाले छोटे वाहन एवं सवारी वाहन सीहोर न्यू क्रिसेंट चौराहा से भाऊखेड़ी जोड़ से अमलाहा होते हुए आष्टा, देवास, उज्जैन, इंदौर जा सकेंगे. इसी प्रकार इंदौर-उज्जैन-देवास से भोपाल जाने वाले छोटे वाहन एवं सवारी वाहन आष्टा-अमलाहा-भाऊखेड़ी जोड़-न्यू क्रिसेंट चौराहा होते हुए भोपाल की ओर जा सकेंगे.

कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने कहा कि कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना को देखते हुए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समय से पहले पूर्ण कर लें. उन्होंने ड्यूटी पर लगाए गए प्रत्येक अधिकारी को उनके प्वाइंट की जानकारी देते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में ब्रीफ किया.


## कार्यालय नगर पालिक निगम सिंगरौली, जिला सिंगरौली (म.प्र.)

क्रमांक/4310/ई-टेण्डरिंग/2025-26 — सिंगरौली, दिनांक 21/08/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर | | कार्य का नाम | कार्य | | निविदा प्रपत्र | | निविदा की |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | क्रमांक | जारी दिनांक | | समयावधि | लागत | मूल्य | EMD | अंतिम तिथि |
| 1 | 2026_UAD _531093_1 | 20-08-2026 | Bid for Supply, Repairing, Installation and Testing Of Existing Traffic Singals (Conversion of existing solar traffic signal into Electric Traffic signal) at Yatayat Tiraha and Majan Mode Sqaure in Municipal Corporation Singrauli 3rd call | 1 Month | 4,06,150 | 2,000 | 8,123 | 05/09/2026 |
| 2 | 2026_UAD _531147_1 | 20-08-2026 | Construction of interlocking from Ramashankar Shah to ramji jaiswal house at Taali ward no.40. | 2 Months | 11,72,899 | 2,000 | 24,458 | 19/09/2026 |
| 3 | 2026_UAD _531118_1 | 20-08-2026 | Maintenance of PCC Drain at different places at ward no.04 | 2 Months | 8,80,691 | 2,000 | 17,614 | 05/09/2026 |
| 4 | 2026_UAD _530990_1 | 20-08-2026 | providing Laying and Maintenance of Paver Block From Majan Mod to Indra Chowk IInd Call. | 3 Months | 83,94,960 | 10,000 | 83,950 | 05/09/2026 |
| 5 | 2026_UAD _531427_1 | 21-08-2026 | Supply and Installation of Various Electrical items and Safety Equipments for electric charging station in Municipal Corporation Singrauli | 2 Months | 447,934 | 2,000 | 8,959 | 05/09/2026 |
| 6 | 2026_UAD _531348_1 | 21-08-2026 | Selection of Bus Operator for Procurement Operation and Maintenance of 2 Numbers of 12 Meter Electric AC Buses on different Intercity Routes for SCTSL 6th call | 120 Months | 3,00,00,000 | 20,000 | 3,00,000 | 09/09/2026 |

**नोटः**- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संसोधन का प्रकाशन ऑनलॉईन http://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा. पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा.

**कार्यपालन यंत्री**
**नगर पालिक निगम सिंगरौली**